प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
17.05.2025 / प्रादेशिक समाचार / 19:45बजे

मुख्य समाचार''

- मुख्यमंत्री सुखविंद सिंह सुक्खू ने कृषि क्षेत्र में क्रांति लाने के लिये प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने पर दिया बल।
- भारतीय सेना के सम्मान में देश भर में तिरंगा यात्रा जारी–सांसद सिंकदर कुमार ने कहा–ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पूरी दुनिया ने देखा भारतीय सेना का पराक्रम।
- शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा–ग्रामीण क्षेत्रों में विद्यार्थियों को विश्व स्तरीय शिक्षण सुविधायें प्रदान करना सरकार की प्राथमिकता।
- प्रदेश स्कूल शिक्षा ने घोषित किया जमा दो कक्षा का परीक्षा परिणाम–83 फीसदी से अधिक विद्यार्थी हुये उत्तीर्ण।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कृषि क्षेत्र में क्रांति लाने के लिए प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने पर बल दिया है। शिमला में आज कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ एक बैठक में उन्होंने प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन देने के लिए ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि विभाग, जाईका और आत्मा परियोजना के अधिकारियों को किसानों तक पहुंच स्थापित कर उन्हें प्राकृतिक खेती अपनाने बारे जानकारी दी जानी चाहिए। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने इसके लिए पंचायतों में शिविर लगाने की वकालत भी की। मुख्यमंत्री ने प्राकृतिक पद्धति से उगाए गए गेंहू, मक्की और कच्ची हल्दी की खरीद के लिए उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इस मौके पर उन्होंने प्रदेश में एक हजार 10 करोड़ रूपए से चलाई जा रही जाईका परियोजना की समीक्षा भी की।

तिरंगा यात्रा

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद भारतीय सेना के सम्मान में देश भर में भाजपा की तिरंगा यात्रा जारी है। इसी कड़ी में आज हमीरपुर में तिरंगा यात्रा निकाली गई जिसमें भाजपा नेताओं सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार ने तिरंगा यात्रा में विशेष रूप से भाग लिया। यात्रा के दौरान लोगों ने भारतीय सेना जिंदाबाद के नारे लगाए जिससे सारा वातावरण गूंज उठा। सिकंदर कुमार ने कहा कि भारतीय सेना द्वारा आतंकवाद के खिलाफ की गई

कार्रवाई से पूरा देश खुश है और दुनिया भर में भारतीय सेना के पराक्रम को देखा है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना ने चंद मिनटों में पाकिस्तान में 9 आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया जो अपने आप में अभूतपूर्व है।

*पूरे देश भर में जो तिरंगा जाते हैं ऑपरेशन सिंदूर के बाद हो रही है। इस तरह से ऑपरेशन सिंदूर भारत सरकार ने है जो लांच किया और मैं तो बधाई देना चाहता हूं अपनी भारतीय सेना को,जिस तरह से 25 मिनट में जो जलवा पूरे विश्व ने देखा ,उसके लिए मैं शत शत उनको नमन करता हूं। और पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आता है तो हो सकता है कि पाकिस्तान को ऐसा मुंहतोड़ जवाब भारत की ओर से मिलेगा और इंडियन आर्मी देगी। ये जो आने वाले समय में याद रखेगा जो भारत की ओर उंगली उठाके और आंख खोल के देख नहीं सकेगा।*

इस मौके पर कई पूर्व सैनिक भी मौजूद रहे। पूर्व सूबेदार विचित्र सिंह ठाकुर ने भारतीय सेना द्वारा आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई की खूब सराहना की।

कुलदीप पठानिया

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भारतीय सेना को बधाई दी है। शिमला में आज विधानसभा के कर्मचारियों द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में शिरकत करने के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना ने जिस प्रकार अपने पराक्रम व शौर्य का परिचय दिया है, उस पर पूरे देश को गर्व है।

*ऑपरेशन सिंदूर हमें मान है गर्व है भारतीय सेनाएं हैं उन सब पर हमें गर्व है और वैसे भी भारत की जो फौज है सेना है वो विश्व की जो सबसे प्रमुख सेनाएं है उनमें से एक है। अभी जो ऑपरेशन सिंदूर हुआ और उसमें जो टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल हुआ और जिस परफेक्शन से हमारी भारतीय सेनाएं हैं पाकिस्तान के जो ठिकाने थे उनको टारगेट किया वो एक नया इतिहास उन्होंने पैदा किया है। विश्वभर में इसका संकेत भी गया है। कुलदीप सिंह पठानिया ने एक सवाल के जवाब में कहा कि मंत्री बनने की उनकी कोई इच्छा नहीं है और वे वर्तमान ज़िम्मेदारी से खुश हैं। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में इन दिनों कुलदीप सिंह पठानिया को राज्य मंत्रिमंडल में शामिल करने की चर्चा ज़ोरों पर है।*

उद्योग मंत्री

उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने आज शिमला में एक उच्च स्तरीय बैठक में बल्क ड्रग पार्क परियोजना की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने इस परियोजना को तय समय में पूरा करने के लिए

निर्माण कार्यों में तेजी लाने के अधिकारियों को निर्देश दिए। उद्योग मंत्री ने बैठक में वर्चुअल माध्यम से जुड़े बोलीदाता कंपनी प्रतिनिधियों के प्रश्नों का समाधान भी किया।

शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने आज कांगड़ा जिले में राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल कंडबाड़ी में 60 लाख रूपए से बने अतिरिक्त विज्ञान खंड का लोकार्पण किया। उन्होंने पालमपुर विधानसभा क्षेत्र के कमलेहड़ में पांच करोड़ रूपए की लागत से बन रहे डे–बोर्डिंग स्कूल भवन के निर्माण कार्य का निरीक्षण भी किया। रोहित ठाकुर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों को तैयार करने के लिए विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा विकसित किया जा रहा है। रोहित ठाकुर ने विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय में छात्रावास निर्माण का ऐलान भी किया जिस पर छः करोड़ रूपए की लागत आएगी। बाद में शिक्षा मंत्री ने पालमपुर के नंदन पार्क में महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण भी किया।

स्कूल शिक्षा बोर्ड

प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने इस वर्ष मार्च में ली गई दस जमा दो कक्षा की परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। परीक्षा परिणाम 83 दशमलव एक–छः फीसदी रहा। इस परीक्षा में कुल 86 हज़ार 3 सौ 73 विद्यार्थी बैठे, जिनमें से 71 हज़ार 5 सौ 91 उत्तीर्ण हुए हैं। शीर्ष 10 बच्चों की सूची में 75 विद्यार्थियों ने जगह बनाई है। इनमें से 61 छात्राएं और 14 छात्र शामिल हैं। दस जमा दो की बोर्ड परीक्षा में एक बार फिर छात्राओं का दबदबा रहा है। विज्ञान संकाय में ऊना ज़िले के सेंट डी.आर. पब्लिक सीनियर सैकेंडरी स्कूल गगरेट की छात्रा महक ने 5 सौ में से 4 सौ 86, कला संकाय में कांगड़ा ज़िले के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल रैत की छात्रा अंकिता ने 5 सौ में से 4 सौ 83 और वाणिज्य संकाय में कांगड़ा ज़िले के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल चेन्नूर की पायल शर्मा ने 5 सौ में से 4 सौ 82 अंक प्राप्त कर प्रदेशभर में पहला स्थान हासिल किया है। इस परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का पुनर्मूल्यांकन या पुनर्निरीक्षण करवाने के इच्छुक विद्यार्थी संबंधित स्कूल के माध्यम से बोर्ड की वैबसाइट पर एक जून तक आवेदन कर सकते हैं।

नारद मुनि

देव ऋषि नारद की जयंती पर आज शिमला में विश्व संवाद केंद्र द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर पत्रकारिता और उसकी चुनौतियों को लेकर पत्रकारिता से जुड़े बुद्धिजीवियों ने संवाद किया। प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला में भौतिक शास्त्र विभाग के प्रौफेसर वीर सिंह रांगड़ा ने कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। विश्व संवाद केंद्र के अध्यक्ष राजेश बंसल ने बताया कि पत्रकारों को भी देव ऋर्षि नारद का ही रूप माना जाता है और उनके लिए हर वर्ष संवाद का आयोजन होता है।

मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त प्रौफेसर अजय श्रीवास्तव ने पत्रकारिता से जुड़े विभिन्न पहलुओं और चुनौतियों पर अपने विचार रखे।

मुख्य समाचार एक बार फिर''

- मुख्यमंत्री सुखविंद सिंह सुक्खू ने कृषि क्षेत्र में क्रांति लाने के लिये प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने पर दिया बल।
- भारतीय सेना के सम्मान में देश भर में तिरंगा यात्रा जारी—सांसद सिंकदर कुमार ने कहा—ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पूरी दुनिया ने देखा भारतीय सेना का पराक्रम।
- शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा—ग्रामीण क्षेत्रों में विद्यार्थियों को विश्व स्तरीय शिक्षण सुविधायें प्रदान करना सरकार की प्राथमिकता।
- प्रदेश स्कूल शिक्षा ने घोषित किया जमा दो कक्षा का परीक्षा परिणाम—83 फीसदी से अधिक विद्यार्थी हुये उत्तीर्ण।

-----------